
आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :459 पृष्ठ -4 दिनांक 22 अप्रेल 2025 दिन मंगलवार

## यूपी में गन्ना किसानों के लिए बड़ी खबर,चीनी उद्योग पर योगी सरकार का बड़ा फैसला

### वर्ष 2023–24 में GVO 1.24 लाख करोड़ रुपये रहा था, जो वर्ष 2024–25 में बढ़कर 1.32 लाख करोड़ रुपये हो गया

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लक्ष्य को साकार करने में गन्ना और चीनी उद्योग एक मजबूत कड़ी साबित होने जा रहा है. इस दिशा में अब सरकार ने कमर कस ली है और चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग ने वर्ष 2027–28 तक का विस्तृत रोडमैप तैयार किया है. योजना के तहत गन्ना उद्योग से होने वाले ग्रॉस वैल्यू आउटपुट (GVO) को मौजूदा 1.32 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक करने का लक्ष्य तय किया गया है.सरकार के मुताबिक, गन्ना और गुड़ के उत्पादन में क्रमशः 7: और 10: की सालाना वृद्धि दर हासिल करने का प्रयास किया जाएगा. वर्ष 2023–24 में GVO 1.24 लाख करोड़ रुपये रहा था, जो वर्ष 2024–25 में बढ़कर 1.32 लाख करोड़ रुपये हो गया है. अब 2027–28 तक इसे 30 हजार करोड़ रुपये और बढ़ाकर 1.62 लाख करोड़ रुपये पार करने की दिशा में काम होगा.योगी सरकार के गन्ना विकास विभाग ने वर्ष 2025–26 के लिए भी एक मजबूत कार्ययोजना बनाई है. इसके तहत चीनी



मिलों की रिकवरी दर को 9.56: से बढ़ाकर 10.50: तक ले जाने, 91.54 लाख क्विंटल भंडारित चीनी की समय पर बिक्री सुनिश्चित करने और भंडारण क्षमता में 4 लाख क्विंटल की वृद्धि करने पर जोर रहेगा. विभाग कुशल कर्मचारियों की भर्ती भी आउटसोर्सिंग के जरिये 15 मई 2025 तक पूरी करेगा. इसके साथ ही, चीनी मिलों को मिलने वाली करीब 1200 करोड़ रुपये की सरकारी सहायता को भी धीरे–धीरे कम करने की योजना है, ताकि उद्योग आत्मनिर्भर बन सके.योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद से गन्ना किसानों की आर्थिक हालत में बड़ा सुधार देखने को मिला है. जहां पहले भुगतान समय पर नहीं होता था, वहीं अब सरकार ने 2.80 लाख करोड़ रुपये से अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान सीधा किसानों को किया है. राज्य में 65 लाख गन्ना किसानों का पंजीकरण हुआ है, जिनमें से 46.5 लाख किसान नियमित आपूर्ति करते हैं.गन्ने के क्षेत्रफल में भी बड़ा इजाफा हुआ है. वर्ष 2016–17 के मुकाबले गन्ने की खेती में 43: की वृद्धि, उत्पादकता में 16: और कुल उत्पादन में 68: की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. इसके अलावा, 52 चीनी मिलों का आधुनिकीकरण हो चुका है और एथनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए करीब 8 हजार किलो लीटर प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता स्थापित की गई है.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमेशा किसानों को सरकार की प्राथमिकता में रखा है. गन्ना और चीनी उद्योग को नई तकनीक, बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाने के प्रयासों की चौतरफा सराहना हो रही है. सरकार की नीति साफ हैकृकिसानों की समृद्धि ही राज्य की आर्थिक प्रगति की नींव है.उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य है. यहां गन्ना खेती न केवल लाखों किसानों की आजीविका का स्रोत है, बल्कि इससे जुड़ा चीनी, एथनॉल और गुड़ उद्योग भी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है. बीते कुछ वर्षों में एथनॉल मिश्रण नीति, किसानों को समय से भुगतान और मिलों के आधुनिकीकरण ने इस उद्योग में नई जान फूंकी है. अब यह उद्योग राज्य को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में अग्रसर है.

## 2027 तक यूपी में लगेंगे 8 लाख सोलर फटॉप प्लांट, योगी सरकार ने तेज की तैयारी

उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने बड़ी योजना पर काम शुरू कर दिया है. प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में मार्च 2027 तक 8 लाख सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने का लक्ष्य तय किया गया है. इसके लिए मौज.ूदा वित्तीय वर्ष 2025–26 में 2.65 लाख इंस्टॉलेशन का टारगेट रखा गया है.योजना के मुताबिक हर महीने 22 हजार इंस्टॉलेशन किए जाएंगे, यानी हर जिले में करीब 300 सोलर संयंत्र लगेंगे. इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार ने जनपद, डिस्कॉम, नगर निगम और नगर पालिका स्तर पर टारगेट तय किए हैं. इनकी निगरानी मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से जुड़ी व्यवस्था के जरिए की जा रही है, जिससे हर जिले की प्रगति की रियल टाइम मॉनि. टरिंग हो सके.फिलहाल, हर महीने औसतन 11 हजार रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं. अब तक 1 लाख से ज्यादा संयंत्र पूरे प्रदेश में लगाए जा चुके हैं. इस योजना को अमल में लाने की जिम्मेदारी यूपीनेडा (उत्तर प्रदेश न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी) को दी गई है, जो इस दिशा में लगातार काम कर रही है.प्रदेश सरकार ने इस योजना के लिए अब तक 2500 से अधिक वेंडर्स को इमपैनल्ड किया है और 1800 से ज्यादा को प्रशिक्षण भी दिया गया है. इन वेंडर्स को बैंकिंग सहायता और क्रेडिट गारंटी का भी लाभ मिल रहा है, जिससे वे सोलर संयंत्र लगाने के काम को बड़े पैमाने पर अंजाम दे सकें. फरवरी 2024 में शुरू हुई योजना को योगी सरकार ने ग्रीन एनर्जी के तहत अपनी प्रा. थमिकताओं में शामिल किया है. सरकार का मानना है कि यह योजना न सिर्फ लोगों को बिजली के बिल से राहत देगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी बड़ी भूमिका निभाएगी. घर–घर सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाकर योगी सरकार एक तरफ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है. वहीं दूसरी तरफ ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भी मजबूती से कदम बढ़ा रही है.

## स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान हुए हंगामा, पूर्व विधायक और समर्थकों पर मुकदमा दर्ज, कांग्रेस नेता बोले- झुकेंगे नही

रामनगर शिवलालपुर चुंगी क्षेत्र में स्मार्ट विद्युत मीटर लगाने के दौरान पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत और उनके समर्थकों द्वारा हंगामा किए जाने का मामला सामने आया है. इस संबंध में विद्युत परीक्षण प्रयोगशाला, रामनगर के अवर अभियंता श्री चन्द्र लाल ने थाना रामनगर में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 17 अप्रैल को विद्युत विभाग की देखरेख में विभागीय कार्यदायी संस्था के कर्मचारी पुराने सामान्य विद्युत मापकों को हटाकर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य कर रहे थे अवर अभियंता के अनुसार, इसी दौरान पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करने लगे. उन्होंने कार्य में बाधा डालते हुए कर्मचारियों के साथ धक्का–मुक्की और मारपीट की. आरोप है कि इस हंगामे के दौरान पांच स्मार्ट विद्युत मीटर क्षतिग्रस्त कर दिए गए. साथ ही मौके से एक ड्रिल मशीन और उसकी दो बैटरियां भी गायब हो गईं.विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने इस घटना के संबंध में तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचित किया. बाद में अवर अभियंता चन्द्र लाल ने रामनगर थाने में लिखित तहरीर दी, जिसके आधार पर थाना पुलिस ने एफआईआर संख्या 108/25 दर्ज की है. मामले में भारतीय न्याय संहिता धारा 221/132/115(2)/352/324(2) के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी.वहीं इस घटना को लेकर एबीपी लाइव ने कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक रंजीत सिंह रावत से बात की तो उन्होंने बताया कि जनता को लूटने से बचाने के लिए एक नहीं सरकार उनपर 10 मुकदमे करे, हमें कोई फर्क नहीं पड़ता. ये लूट कोई 10 या 5 करोड़ की नहीं है. जनता के ऊपर लगातार आर्थिक बोझ डाला जा रहा है. हम ये नहीं होने देंगे, सरकार हमें जेल में डाले या फांसी चढ़ा दे हम झुकने वाले नहीं है.रनजीत रावत ने कहा कि सरकार और भाजपा ये बताए कि वो जनता के साथ है या बड़े पूंजीपतियों के साथ है. जब अभी कुछ समय पूर्व इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगाए गए थे तो अब दुबारा किस लिए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं. कुछ बड़े लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए हम ये नहीं होने देंगे. इन स्मार्ट मीटर का बिल लगातार बढ़कर आ रहा है, लोग परेशान हैं और भाजपा के लोग इसको नहीं देख पा रहे है. जनता का खून चूसने वाले लोगों के आगे हम नहीं झुक.ेंगे. वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल गर्म है. स्थानीय लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर पहले से ही कुछ लोगों के बीच असंतोष था. कुछ उपभोक्ता मीटर के बिलिंग सिस्टम को लेकर आशंकित थे, जिसके चलते विरोध की स्थिति बनी. हालांकि, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए लगाए जा रहे हैं, जिससे बिजली की खपत का सही आकलन और पारदर्शिता संभव हो सकेगी

## कानपुर मेट्रो का बाकी काम कब तक हो जाएगा पूरा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 अप्रैल को प्रस्तावित कानपुर दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में एक अहम समीक्षा बैठक की. इस बैठक में उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों का गहराई से जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे में कोई भी चूक नहीं होनी चाहिए. साथ ही उन्होंने 24 अप्रैल तक प्रदेशभर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि 'स्वच्छ और सुंदर कानपुर' की छवि पेश की जा सके.मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कानपुर में 11 बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और लो. कार्पण करेंगे, जिनकी कुल लागत करीब 20,656 करोड़ है. इनमें घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना (9,338 करोड़), पनकी तापीय विस्तार परियोजना (8,305 करोड़) और 7 किमी लंबी मेट्रो रेल परियोजना (2,120 करोड़) जैसी योजनाएं शामिल हैं. इसके अलावा बिनगवां में 40 एमएलडी टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट, किदवई नगर में 100 बेड का अस्पताल और पनकी पॉवर हाउस रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी जैसी परियोजनाएं भी शहर को नई दिशा देंगी. सीएम योगी ने जनसभा की तैयारियों का भी जायजा लिया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक की सड़कों की मरम्मत कराई जाए, झाड़ियां साफ हों और जरूरत हो तो इंटरलॉकिंग भी कराई जाए. उन्होंने कहा कि सभा स्थल पर बड़ी स्क्रीन लगाई जाए, स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल और गुड़ कीव्यवस्था हो, ताकि जनता को कोई असुविधा न हो. इसके अलावा सभा में आने वालों के लिए 800 बसों की व्यवस्था और सुनियोजित पार्किंग की योजना भी बनाई गई है.मुख्यमंत्री ने नगर निगम, जनप्रति. निधियों और भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे 24 अप्रैल तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाएं.

उन्होंने कहा कि प्लास्टिक मुक्त वातावरण, कूड़े के निस्तारण और साफ–सफाई की जिम्मेदारी सभी को मिलकर निभानी होगी. ग्रामीण इलाकों को भी इस अभियान से जोड़ा जाए, ताकि प्रधानमंत्री को स्वच्छ, सुसंस्कृत और जागरूक कानपुर दिखे. सीएम योगी ने बताया कि 16 किमी लंबी मेट्रो कनेक्टिविटी जनता को मिल चुकी है और शेष हिस्से का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा. इससे यातायात जाम से राहत मिलेगी और शहर में सफर आसान होगा. गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर तेजी से काम हो रहा है.

## हाथरस में निस्वार्थ सेवा संस्थान ने एक राष्ट्र, एक चुनाव पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

हाथरस में निस्वार्थ सेवा संस्थान ने एक राष्ट्र, एक चुनाव पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने शिरकत की। माहेश्वरी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है।उन्होंने बताया कि इससे चुनावी खर्च में करोड़ों रुपए की बचत होगी। साथ ही अधिकारियों का समय देश के विकास कार्यों में लग सकेगा। संस्था के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने एक महत्वपूर्ण तथ्य साझा किया। उन्होंने बताया कि 1952 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते थे। 1968 के बाद से यह व्यवस्था बदल गई। बार–बार चुनाव कराने से न सिर्फ धन की बर्बादी होती है, बल्कि शासन की कार्यक्षमता भी प्रभावित होती है।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद..कार्यक्रम में नन्नूमल गुप्ता, सचिव नीरज गोयल, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, प्रवक्ता हिमांशु गौड़ आदि काफी लोग मौजूद रहे। सभी ने एक राष्ट्र एक चुनाव की व्यवस्था को लोकतंत्र को मजबूत करने वाला कदम बताया।

## भांजे के प्यार में पागल मामी ने दुबई से लौटे पति को काटने के बाद सूटकेस में भरकर फेंका

यूपी के मेरठ की नीले ड्रम वाली घटना ने पूरे देश दुनिया ने देखा सुना था. जहां एक पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति को मारकर नीले ड्रम में भर दिया था. ऐसा ही मामला देवरिया से निकलकर सामने आया है. जहां एक पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति को मारकर सूटकेस में भरकर फेक दिया. मेरठ वाली घटना को लोग भुला भी नहीं पाए थे कि तब तक ऐसी ही घटना देवरिया में भी हो गई. मेरठ में पति को मारकर नीले ड्रम में भरा गया था. यहां नीले ड्रम के जगह पर पत्नी ने सूटकेस में पति को मारकर फेंका. सूटकेस में भरने से पहले उसकी धारधार हथियार से मारकर हत्या की गई थी. पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया. उसका प्रेमी रिस्ते में भांजा लगता है. वहीं पत्नी और उसके प्रेमी ने सूटकेस में भरे शव को लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर फेंक दिया था. जिसकी हत्या हुई है वह सऊदी अरब में नौकरी करता था और वहां से एक सप्ताह पूर्व ही लौट कर घर आया था. वह अपने पत्नी के अफेयर में रोड़ा बन रहा था. इसलिए पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या की योजना बना डाली. और उसकी धारेधार से मारकर निर्मम हत्या कर दी.बता दें देवरिया के तरकुलवा थाना क्षेत्र के पकड़ी छापर पठखौली गाँव के गेहूं के खेत मे कुछ लोगो ने कल सुबह में सूटकेस



पड़ा देखा. लोगों ने इस सूटकेस की सूचना पुलिस को दी. जहां पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुचकर देखा तो सूटकेस खेत मे पड़ा था. पुलिस ने जब सूटकेस को खोला तो उसमें से एक 30 वर्ष के युवक का शव था. और उस युवक के सिर के आस पास चोटो के निशान थे. वहीं घटना स्थल का निरीक्षण देवरिया एसपी विक्रांत वीर द्वारा फॉरेंसिक टीम, डाग स्क्वायड, सर्विलांस टीम के साथ किया गया था.वहीं पुलिस शव की पहचान और मामले की जांच पड़ताल की तो मिले कागजों के आधार पर पता चला कि यह शव देवरिया के मईल थाना क्षेत्र के अंर्तगत भटौली गांव के रहने वाले नौशाद के रूप में हुई. जिसकी उम्र लगभग 30 वर्ष है. यह भी पुलिस को जानकरी मिली कि नौशाद एक सप्ताह पूर्व ही सऊदी अरब से कमा कर लौटा है.जांच के दौरान पुलिस को उसकी पत्नी पर गहरा शक हुआ और पुलिस ने उसको हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछ ताछ की सारा मामला निकल कर सामने आ गया. उसने सारी सच्चाई ही बता डाली. नौशाद की पत्नी का रिश्ते में लगने वाले भांजे से ही अवैध संबंध था. जब उसका पति सऊदी अरब से कमा कर आ गया तो उसके प्रेम में बांधक बनने लगा. इसी कारण से पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति को धारे धार हथियार से मारकर हत्या कर दी.हत्या करने के बाद नौशाद के शव को सुटकेस में भरकर घर से 50 किलोमीटर दूर ले जाकर खेत मे सुनसान जगह पर फेक दिया था. और मौके से फरार हो गए थे. फिलहाल जो आरोपी महिला है उसको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और प्रेमी फरार है. जिसको गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दबिश दे रही है.

## यूपी में नगर निगमों का होगा सीमा विस्तार, सीएम योगी के निर्देश पर विभाग ने बनाया रोडमैप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार नगर निगमों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है. इसी क्रम में अब राज्य के नगर निगमों की विज्ञापन से होने वाली आय को आगामी 5 वर्षों में दोगुना करने का लक्ष्य तय किया गया है. नगर विकास विभाग ने इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना और रोडमैप तैयार कर लिया है. इसमें डिजिटल विज्ञापन, नए मार्गों के निर्माण, निगम क्षेत्रों के विस्तार और विज्ञापन नीति में नवाचार जैसे प्रयासों से आय बढ़ाने की रणनीति शामिल है.डिजिटल विज्ञापन और स्मार्ट सिटी की मदद से बढ़ेगी कमाई विभागीय अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल नगर निगमों की विज्ञापन से होने वाली वार्षिक आय 78.9 करोड़ रुपये है, जिसे 2029–30 तक बढ़ाकर 158.7 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का अनुमान है. यह वृद्धि चरणबद्ध तरीके से होगी. वर्ष 2025–26 में यह आय 90.74 करोड़, 2026–27 में 104.35 करोड़ और उसके बाद प्रतिवर्ष 10 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है. यह बढ़ोत्तरी मुख्यतः डिजिटल विज्ञापन, मोबाइल वैन, बसों, ऑटो, और निजी इमारतों पर लगाए जाने वाले विज्ञापनों से होगी.सीएम योगी ने दिए पारदर्शिता और तकनीक आधारित नीति बनाने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विज्ञापन नीति पारदर्शी, तकनीक आधारित और भ्रष्टाचार मुक्त होनी चाहिए. इसी के तहत स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में डिजिटल एलईडी स्क्रीन लगाने, प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों को विज्ञापन के माध्यम से राजस्व स्रोत में बदलने की योजना है. साथ ही ऐसी विज्ञापन प्रणाली को बढ़ावा दिया जाएगा, जो न तो शहर की सुंदरता को बिगाड़े और न ही पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए.हरदोईरू साइकिल चोरी करते युवक को रंगे हाथों पकड़ा, भीड़ ने की पिटाईनिगम सीमा का विस्तार और नये रूट भी बढ़ाएंगे आयनगर निगमों की सीमा का विस्तार और नये–नये मार्गों के निर्माण से भी विज्ञापन के नए अवसर पैदा होंगे. नए व्यावसायिक क्षेत्रों और रिहायशी इलाकों में विज्ञापन की मांग बढ़ेगी, जिससे नगर निकायों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी. इसके अलावा, नई विज्ञापन नियमावली में उन सभी पहलुओं को शामिल किया जा रहा है, जिससे आय में स्थायी रूप से बढ़ोतरी हो सके.गौरतलब है कि देशभर के नगर निकायों के सामने वित्तीय संसाधनों की कमी एक बड़ी चुनौती रही है. खासकर स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना और स्मार्ट सिटी जैसे कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता आवश्यक है. यूपी सरकार द्वारा नगर निकायों की आय बढ़ाने की दिशा में किया गया यह प्रयास भविष्य में नगरीय ढांचे को और भी सशक्त बनाने वाला साबित हो सकता है.

# हाथरस में वैन की टक्कर से युवक की मौत

## कोरियर कंपनी में करता था काम, बहन के घर जाते समय हादसा

हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में निर्माणाधीन मथुरा–बरेली नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गांव ओदुआ के पास मारुति वैन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान हरियाणा के फिरोजपुर झिरका निवासी 26 वर्षीय नितिन के रूप में हुई।वह एक कोरियर कंपनी में काम करता था। नितिन अपनी बहन के घर जा रहा था। उसकी बहन की ससुराल हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव भोपतपुर में है। दुर्घटना के बाद वैन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोग घायल नितिन को जिला अस्पताल ले गए।परि. जनों में मचा कोहराम.वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नितिन की शादी 4 साल पहले हुई थी। उसने पीछे दो छोटे बच्चों समेत परिवार को छोड़ा है। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। परिजनों में को. हराम मच गया।

# हाथरस में एक्सीडेंट में युवक की मौत

**घर के बाहर सड़क क्रॉस कर रहा था, अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारकर फरार**

हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र में अलीगढ़ रोड पर एक सड़क हादसा हुआ है। हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी तमना में एक अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में 32 वर्षीय बेलदार संतोष की मौके पर ही मौत हो गई।संतोष होतीलाल का पुत्र था और बेलदारी का काम करता था। वह अपने घर के बाहर सड़क पार कर रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटनास्थल पर भीड़ लगगई। कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा.घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। संतोष के पीछे पांच बच्चे हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया है। घटना से परिवार में मातम का माहौल है।

# हाथरस में बढ़ती गर्मी का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर स्पष्ट रूप से दिख रहा

हाथरस में बढ़ती गर्मी का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर स्पष्ट रूप से दिख रहा है। सोमवार को जिला अस्पताल में कुल 2000 से अधिक मरीज पहुंचे। इनमें से 500 से ज्यादा मरीज गर्मी से संबंधित बीमारियों से पीड़ित थे। अधिकतर मरीजों को उल्टी–दस्त और पेट दर्द की शिकायत थी।महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भी बच्चे गर्मी से संबंधित बीमारियों के साथ पहुंच रहे हैं। मरीजों को चिकित्सकों से परामर्श के लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ी।धूप से करें बचाव..जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रमोद कुमार ने स्वस्थ रहने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से पानी पीते रहें। तेल–मसालेदार भोजन से बचें। पानी की मात्रा वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें। ओआरएस घोल पीते रहें। तुरंत डॉक्टर से करें संपर्क उल्टी–दस्त होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी का प्रकोप और बढ़ने की संभावना है। विशेषज्ञों की सलाह है कि धूप में निकलने से बचें। बीमार पड़ने पर केवल योग्य चिकित्सक से ही परामर्श लें।

# सादाबाद में जलेसर रोड रेलवे स्टेशन पर हादसा, गंगा स्नान के लिए जा रहा था

सादाबाद में जलेसर रोड रेलवे स्टेशन पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया। राजघाट जा रहे 70 वर्षीय भिक्षुक सोहनलाल की चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में मौत हो गई।सोहनलाल बाग बधिक गांव के रहने वाले थे। वह भीख मांगकर अपना जीवन यापन करते थे और राजघाट के मंदिर में पूजा–अर्चना भी करते थे। घटना के दिन वह गंगा स्नान के लिए राजघाट जा रहे थे।जैसे ही वह ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहे थे, ट्रेन चल पड़ी। उन्होंने ट्रेन के दरवाजे का डंडा पकड़ा, लेकिन वह छूट गया और वह प्लेटफॉर्म पर गिर पड़े। ट्रेन ने उन्हें करीब 10 मीटर तक घसीटा।प्लेटफॉर्म पर मौजूद लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन सीएचसी पहुंच गए।

# सासनी मंडी में बुनियादी सुविधाओं का संकट

**"पानी–बिजली की समस्या से किसान–आढ़तिया परेशान, सुरक्षा व्यवस्था भी नदारद"**



सासनी मंडी परिसर में बुनियादी सुविधाओं का गंभीर अभाव सामने आया है। मंडी में लगे हैंडपंप खराब पड़े हैं। भीषण गर्मी में किसानों और आढ़तियों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।मंडी परिसर में बिजली व्यवस्था भी दुरुस्त नहीं है। रात के समय अंधेरा छा जाता है। सुरक्षा के लिए कोई गार्ड तैनात नहीं है। मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है, जो सब्जियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।आढ़तिया ऋषि कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि कई बार मंडी सचिव से शिकायत की गई है। लेकिन समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ है। किसान भूरा ने कहा कि वे अपनी उपज लेकर आते हैं, लेकिन पीने का पानी तक नहीं मिल पाता है।मंडी प्रशासन की लाप. रवाही से सुबह के समय भी अंधेरा छाया रहता है। पूरा मंडी परिसर जाम की स्थिति में रहता है। प्रशासन की ओर से इन समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# नई आंगनबाड़ी कार्यत्रियों को मिली नियुक्ति

## डीएम ने दिए नियुक्ति पत्र, पोषण जागरूकता रथ को भी किया रवाना

हाथरस के कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएम राहुल पांडेय ने नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। डीएम न कहा कि बच्चों का सर्वाधिक मानसिक विकास 0–5 वर्ष की आयु में होता है।उन्होंने कार्यकर्त्रियों से आग्रह किया कि वे केंद्र के बच्चों की देखभाल अपने बच्चों की तरह करें। पांडेय ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं तक पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने सभी कार्यकत्रियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का निर्देश दिया।कार्य प्रणाली की जानकारी दी.. इसी दौरान पोषण





आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिया गया

पखवाड़ा–2025 के तहत डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी और सुपरवाइजर मौजूद रहे। अधिकारियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके दायित्वों और कार्य प्रणाली की जानकारी भी दी।

# हाथरस में किसानों ने सीएम को भेजा ज्ञापन, नए सर्किल रेट से मुआवजे की मांग



हाथरस में भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। एनएच–509 के निर्माण के लिए सादाबाद, सासनी और हाथरस तहसील के लगभग 400 किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है।किसानों का कहना है कि 3 अगस्त 2024 को नई सर्किल दरें लागू की गईं। हर साल इन दरों में 10 से 20 प्रतिशत की वृद्धि होती है। लेकिन उनके गांवों को बढ़ी हुई दरों का लाभ नहीं दिया गया।किसानों ने दो प्रमुख मांगें रखी हैं। उन्होंने नई बढ़ी हुई सर्किल दर के अनुसार मुआवजा राशि की मांग की है। साथ ही अधिसूचना जारी होने से अधिग्रहण तक 12 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त मुआवजे की मांग भी की है।भारतीय किसान यूनियन ने फतेहपुर में हुए तिहरे हत्याकांड के पीड़ित परिवार के लिए भी आवाज उठाई। उन्होंने प्रभावित परिवार को 50–50 लाख रुपए की सहायता, एक सदस्य को सरकारी नौकरी और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष मलखान सिंह, जिला अध्यक्ष सत्यदेव पाठक, मोहर सिंह चौधरी, सत्यवीर सिंह, चंद्रेश सिंह, अजीत सिंह, विनोद कुमार समेत कई किसान नेता मौजूद थे।

# 73वीं यूपी एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता में 1 घंटे 10 मिनट में पूरी की रेस

लखनऊ में आयोजित 73वीं उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता 2025 में सादाबाद के झगरार गांव के वीरेश ने 50 किलोमीटर साइकिलिंग में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने यह दूरी मात्र 1 घंटे 10 मिनट में पूरी की। वीरेश स्पोर्ट्स कोटे से पुलिस में भर्ती हुए हैं।इससे पहले सहारनपुर की प्रतियोगिता में उन्होंने 50 किलोमीटर में रजत और 100 किलोमीटर साइकिलिंग में स्वर्ण पदक जीता था। लखनऊ की यह प्रतियोगिता 17 से 21 अप्रैल तक चली। वीरेश ने उत्तर प्रदेश पुलिस की कई साइकिलिंग प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल की है।उनका लक्ष्य एशियाई खेलों, विश्व कप और ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर पदक जीतना है।बचपन से ही साइकलिंग में रुचि रखने वाले वीरेश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव से प्राप्त की। उन्होंने तहसील और जिला स्तर पर कई प्रतियोगिताएं जीतीं।कमिश्नरी स्तर पर भी स्वर्ण पदक हासिल किया। अब पुलिस में रहते हुए वे निरंतर अभ्यास और प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। गांव में वीरेश की इस उपलब्धि से खुशी का माहौल है। ग्रामीण उनके स्वागत की तैयारी में जुटे हैं।

# पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

## हाथरस में हिंदू संगठनों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



हाथरस में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और बजरंग दल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई घटनाओं को लेकर राष्ट्रपति को प्रेषित किया गया है।संगठनों ने ज्ञापन में कहा कि मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के साथ अत्याचार किया गया। उनके वाहनों को जलाया गया और संपत्ति को लूटा गया। स्थिति इतनी भयावह है कि हिंदू परिवार अपने घरों से पलायन करने को मजबूर हैं। पुलिस बल पर भी पथराव की घटनाएं हुई हैं।ज्ञापन में आगे कहा गया कि हिंदू समाज हमेशा संवैधानिक परंपराओं का पालन करता है। लेकिन कुछ लोग देश की शांति व्यवस्था को भंग कर रहे हैं। लैंड जिहाद, लव जिहाद, गोकशी और धार्मिक स्थलों पर हमले की घटनाएं हो रही हैं।घुसपैठियों को देश से बाहर निकाला जाए..संगठनों ने दो प्रमुख मांगें रखी हैं। पहली, बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए और प्रभावित हिंदू परिवारों को सुरक्षा के साथ नुकसान की भरपाई की जाए। दूसरी, बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर किया जाए। ज्ञापन देने वालों में योगेश कुमार, विकास चौहान, राहुल उपाध्याय और गौरव पाठक प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# सीओ ने जांच आख्या के लिए 10 दिन का समय मांगा, हाथरस कोर्ट में 3 मई को अगली सुनवाई

हाथरस की एमपी–एमएलए कोर्ट में उनके खिलाफ दायर याचिका पर अब 3 मई को सुनवाई होगी। यह याचिका क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महासचिव मतेंद्र सिंह गहलोत ने दायर की है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि सुमन ने राज्यसभा में महाराणा सांगा को शगद्दारश कहकर न केवल इतिहास को तोड़ा–मरोड़ा, बल्कि क्षत्रिय समाज का भी गहरा अपमान किया।गहलोत का दावा है कि वे स्वयं महाराणा सांगा के वंशज हैं। उन्होंने बताया कि सुमन ने 22 मार्च को सोशल मीडिया पर भी अपना यह विवादित बयान दोहराया, जिससे समाज में आक्रोश फैल गया। गहलोत का कहना है कि इस तरह के बयान सामाजिक सौहार्द बिगाड़ सकते हैं और जातीय तनाव को जन्म दे सकते हैं।पहले थाने में शिकायत, फिर एसपी को रजिस्टर्ड डाक गहलोत ने पहले इस बयान को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने एसपी को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी। वहां से भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर वे कोर्ट पहुंचे। याचिका की पैरवी अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंडीर ने की।सीओ से मांगी गई जांच रिपोर्ट कोर्ट ने मामले में थाना हाथरस गेट क्षेत्र के सीओ से जांच कर रिपोर्ट देने को कहा था। कोर्ट ने 21 अप्रैल 2025 तक प्रारंभिक जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। अधिवक्ता पुंडीर ने बताया कि सीओ सिटी ने जांच के लिए 10 दिन का अतिरिक्त समय मांगा है। इसी आधार पर न्यायालय ने अब अगली सुनवाई की तारीख 3 मई तय की सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने राज्यसभा में महाराणा सांगा को शगद्दारश कह दिया था। इस पर क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महासचिव मतेंद्र सिंह गहलोत ने नाराजगी जताते हुए खुद को महाराणा सांगा का वंशज बताया और इसे क्षत्रिय समाज का अपमान करार दिया। गहलोत ने पहले थाने और फिर एसपी को शिकायत दी, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने मामले की जांच के लिए सीओ हाथरस गेट को निर्देश दिए, जिनसे अब तक रिपोर्ट नहीं मिली है। अब इस प्रकरण की अगली सुनवाई 3 मई को होगी।

# हाथरस के सासनी तहसील के गांव वाहनपुर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया

हाथरस के सासनी तहसील के गांव वाहनपुर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। खेत जाते समय ट्रेन की चपेट में आने से 40 वर्षीय दुलारी देवी की मौत हो गई। दुलारी देवी अमर सिंह की पत्नी थीं। घटना की सूचना मिलते ही हाथरस जंक्शन कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र सिंह राघव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों ने बताया कि दुलारी देवी अपने खेत की ओर जा रही थीं। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गईं। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शोक से व्याकुल हैं।




# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक संपन्न

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में कर–करेत्तर, राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि नया वित्तीय वर्ष आरंभ हो गया है। शुरुआत से ही प्रगति को बनाए रखें। पोर्टल फीडिंग पर विशेष ध्यान रखें। आ. ईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के साथ ही डिफॉल्टर एवं असंतोषजनक फीड. बैक पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व वसूली के कार्यों में गति लाएं और निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने लंबित वसूली प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावी ढंग से वसूली कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं



में शामिल है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में विशेष रूप से भूराजस्व, जलकर, विद्युत बकाया, स्टांप एवं निबंधन शुल्क, परिवहन, आबकारी, नगरीय निकाय, मंडी, खनन, बाट माप, लोनिवि, वन समेत अन्य मदों की वसूली पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने विभागवार वसूली की प्रगति समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आरंभ से ही अच्छे से कार्य करते हुए लक्ष्य हासिल करें। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने आगामी समीक्षा बैठक तक ठोस प्रगति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए और सभी अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में एडीएम वित्त मीनू राणा एवं सबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री नरेन्द्र कुमार के आक. स्मिक निधन पर मण्डलायुक्त ने व्यक्त की शोक संवेदना

अलीगढ़ श्री नरेन्द्र कुमार जोकि वर्ष 2008 से कमिश्नरी कैम्प कार्यालय पर इलैक्ट्रिशियन के रूप में एवं वर्तमान में उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या विभाग के वाहन चालक के पद पर तैनात थे, का 20 अप्रैल की मध्यरात्रि को आकस्मिक स्वर्गवास हो गया है।आयुक्त अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ श्रीमती संगीता सिंह समेत आयुक्त कार्यालय के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने श्री कुमार के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परम् पिता परमेश्वर से प्रार्थना की है कि उनकी दिवंगत आत्मा को परम् शान्ति एवं समस्त परिवारीजनों को दुख की इस घड़ी में हिम्मत और धैर्य प्रदान करते हुए इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## श्री वार्ष्णेय मंदिर के 25 वें पाटोत्सव एवं रजत जयंती समारोह मे अंतिम दिन हुआ बुजुर्गों का सम्मान

श्री वार्ष्णेय मन्दिर के प्रवक्ता भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार रविवार को प्रातः 11 बजे से समाज के सत्तर वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके समाजसेवी बुजुर्गों का सम्मान श्री वार्ष्णेय मंदिर परिवार की ओर से किया गया । 44 बुजुर्गों का सम्मान कर श्री वार्ष्णेय मंदिर परिवार धन्य हो गया । सभी बुजुर्गों का सम्मान शाल उढ़ाकर चंदन तिलक लगाने के साथ साथ श्री मदभागवद गीता , मोतियों की माला ,ज्ञान गंगा पुस्तक ,पटका पहनाकर एवं छप्पन भोग प्रसाद प्रदान कर किया गया । इस अवसर पर सम्मान समारोह का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी एल डी वार्ष्णेय , राधेश्याम गुप्ता स्क्रैप वाले , एडवोकेट आकाशदीप वार्ष्णेय , विष्णु भैया, पार्षद अलका गुप्ता , आदि ने अक्रूर जी की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया । मंचासीन अतिथियों का स्वागत अनिल राज गुप्ता, सुनयना गुप्ता, दुर्गेश वार्ष्णेय,ख्यालीराम वार्ष्णेय,भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक, राहुल स्क्रैप, इंदु वार्ष्णेय ने पटका पहनाकर किया । सफल संचालन अनिल राज गुप्ता ने किया ।बुजुर्ग सम्मान के बाद दोपहर एक बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । इस अवसर पर पाटोत्सव कार्यक्रम में राधेश्याम गुप्ता स्क्रैप



, एल डी वार्ष्णेय ,मंदिर महंत मनोज मिश्रा , धीरेन्द्र गुप्ता फोटो, भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक, विष्णु भैया , आकाशदीप वार्ष्णेय, गौरव ब्रास, पार्षद अलका गुप्ता, योगेश वार्ष्णेय बंटी, उमेश सरकोंडा, राजू गनपत, राहुल स्क्रैप, सुमित गोटेवाल, मनोज ठेक. दार, सुनयना गुप्ता, आभा वार्ष्णेय, सीमा टाफी, लक्ष्मी वार्ष्णेय, दुर्गेश वार्ष्णेय , शैल वार्ष्णेय, शैल गुप्ता, दामिनी वार्ष्णेय, खुशी वार्ष्णेय, रुचि गोटेवाल, शिवानी ब्रास, तनु गुप्ता, अनु लक्की, रेनू काकी, विमल वार्ष्णेय, नितिन स्वरूप वेवसाइट, अनिल वार्ष्णेय सासनी , प्रमोद शैल, श्याम जी कपड़ा वाले , अनिल शिव, देवेंद्र भोला, जीतेन्द्र जीतू, कान्हा वार्ष्णेय, यतीश वार्ष्णेय , अनुपम सज्जू , मिलिंद वार्ष्णेय, भरत वार्ष्णेय, संतोष डिब्बा, शैलेन्द्र शैलू प्रधान, कृष्ण कुमार सीटू, कमल गुप्ता बाबा गारमेंट्स, अंकित वार्ष्णेय, अमित गुप्ता किताब, गौरव पीतल , कन्हैया लाल गुप्ता, धर्मेंद्र चंद्रा, एडवोकेट सुमित साम्टिफिक, तन्मय वार्ष्णेय, संदीप वार्ष्णेय घी , घनेन्द्र कुमार गुप्ता, रिकेश वार्ष्णेय, मनोज एडवो. केट, दीपांशु वार्ष्णेय ईंट, वीरेश वार्ष्णेय तार, तनुराग वार्ष्णेय, निखिल वार्ष्णेय, सुनील मित्तल, हीरेन्द्र अग्रवाल, नीटू शर्मा, गिरधर वार्ष्णेय, बंटी जायसवाल, विष्णु हरी गुप्ता, दीपक गुप्ता साई आदि उपस्थित रहे।

## निःशुल्क अभ्युदय कोचिंग के लिए छात्र–छात्राएं 10 मई तक करें ऑनलाइन आवेदन

अलीगढ़ समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत निःशुल्क कोचिंग एसएमबी इण्टर कालेज में सचालित है। शैक्षणिक सत्र 202526 में नये बैच का प्रारम्भ किया जा रहा है। निःशुल्क कोचिंग द्वारा जिले में मेधावी छात्रछात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, यूपीपीएससी, एसएससी, नीट, जेईई की प्रवेश परीक्षाओं की निःशुल्कतैयारी के लिए गुणवत्ता पूर्ण कोि. चंग प्रदान की जा रही है।जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 202526 के लिए छात्रछात्राओं का चयन प्रवेश परीक्षा, मेरिट एवं काउन्सलिंग द्वारा किया जाएगा। उन्हा. ेने बताया कि मुख्यत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्रछात्राऐं ऑनलाइन आवेदन (।bhyuday-one दम पोर्टल के माध्यम से) कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात् आवेदन की छायाप्रति सहित सभी आवश्यक संलग्नकों सहित मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग एसएमबी इण्टर कालेज में जमा करना सुनिश्चित करें। छात्रछात्राएं ऑफलाईन आवेदन प्रपत्र केन्द्र से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गयी है।उन्होंने बताया कि इसके साथ ही उपरोक्त कोचिंग केन्द्र में छात्रछात्राओं को यूपीएससी, यूपीपीएससी की कोचिंग में अध्यापन करने के लिए शिक्षकों की भी आवश्यकता है। यूपीएससी, यूपीपीएससी, अभ्यर्थियों को कोचिंग देने के इच्छुक शिक्षकों की आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गयी है। आवेदन के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री अभ्युदय केन्द्र एसएमबी इण्टर कालेज रामघाट रोड पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## अवैध प्रचार सामग्री को हटाने के लिए नगर निगम ने चलाया अभियान

शहर के प्रमुख चौराहे और सड़के अवैध प्रचार सामग्री से हुई मुक्तशासन के दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुश्रवण कराते हुए नगर आयुक्त विनोद कुमार के निर्देश पर दो दिवसीय अवैध प्रचार सामग्री को हटाने का अभियान नगर निगम द्वारा युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। अभियान की अगुवाई सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह कर रहे है दो दिवसीय अभियान के तहत अलीगढ़ नगर निगम ने स्मार्ट रोड दीवानी कचहरी रामघाट रोड आगरा रोड सेंटर पॉइंट रेलवे रोड सहित शहर की प्रमुख सड़क और चौराहा से अवैध प्रचार सामग्री के अंतर्गत होर्डिंग बैनर पोस्टर को हटाया




गया है।नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए सभी को एक साथ मिलकर नगर निगम का सहयोग करना चाहिए जिस तरह सड़क पर कचरे को फेंकने से शहर की स्वच्छता खराब होती है तो वहीं अवैध प्रचार सामाग्री से शहर की सुंदरता भी खराब होती है शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए नगर निगम का सहयोग करें

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मनरेगा पर मंडलीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

अलीगढ़ आयुक्त अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ श्रीमती संगीता सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के सुचारु एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सोमवार को मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव, उपायुक्त श्रम रोजगार, ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश दीनदयाल वर्मा समेत अलीगढ़, एटा, हाथरस और कासगंज के उपायुक्त श्रम रा. ेजगार, खण्ड विकास अधिकारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, लेखाकार, सहायक लेखाकार, रोजगार सेवक एवं महिला मेट के द्वारा प्रतिभाग किया गया।मण्डलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह ने एक दिवसीय मन. रेगा मण्डलीय वर्कशॉप का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। उन्होंने कार्यशाला में मनरेगा योजना के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर बल दिया। आयुक्त ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने की एक सशक्त योजना है, जिसके माध्यम से गांवों में टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण भी सु. निश्चित होता है।उपायुक्त श्रम रोजगार, ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश दीनदयाल वर्मा ने निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे फील्ड विजिट कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का



जायजा लें और जमीनी स्तर पर कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करें।कार्यशाला में मन. रेगा योजना के तकनीकी एवं सामान्य बिन्दुओ पर विषय विशेषज्ञो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम्य विकास संस्थान कासगंज व अलीगढ के जिला प्रशिक्षण अधिकारी एवं आरसेटी हाथरस, एटा व कासगंज के निदेशकगण ने प्रशिक्षण देते हुए श्रम बजट तैयार करने एवं कार्य योजना बनाने के साथ–साथ अभिलेखो के रखरखाव के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला मे विभिन्न प्रकार की अनियमितताओ पर ध्यान आकृष्ट कराते हुये विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया और सभी को अवगत कराया गया कि शिकायतों के निस्तारण के संबन्ध में त्रुटि निवारण करते हुये शिकायत को निक्षेपित किया जाए। अकुशल श्रमिकों को 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने के साथसाथ उनका बीओसीडब्ल्यू में पंजीकरण कराते हुये श्रम विभाग द्वारा संच. ालित योजनाओं से लाभन्वित कराया जाये। श्रमिकों के बच्चों का अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाते हुये गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करायी जाये। इसके साथ ही कार्यशाला में मनरेगा के तहत नियोजित कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा, मानवदिवस सृजन लक्ष्य की पूर्ति, पारद. र्शिता एवं जनसुनवाई की व्यवस्था, जॉब कार्डधारकों की सहभागिता बढ़ाना, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति में समन्वय, जियो टैगिंग एवं मोबाइल ऐप के उपयोग की निगरानी, सोशल ऑडिट की अनिवार्यता पर विस्तार से चर्चा हुईइस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम समन्वयक, खण्ड विकास अधिकारी, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय हिंदू संगठन द्वारा हरिगढ़ में बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है उसके विरोध में प्रदर्शन

राष्ट्रीय हिंदू संगठन द्वारा हरिगढ़ में बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है उसके विरोध में प्रदर्शन करते हुए महामहिम राष्ट्रपति महोदय द्वारा डीएम साहब को ज्ञापन सोपा गया जिसमें राष्ट्रीय हिन्दू संगठन पदाधिकारी जिला संरक्षक सुनील कुमार जी जिला प्रभारी संजय सिंह पुंडीर जिला सह प्रभारी देवेंद्र कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह जी जिला उपाध्यक्ष मिहिर सिंह यादव संगठन मंत्री अनिल बघेल जी जिला महासचिव गौरव शर्मा जी तहसील अध्यक्ष विनोद कुमार तोमर जी जिला महामंत्री आदित्य ठाकुर जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र शर्मा जिला सचिव कुलदीप सिंह चौहान ऋषि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्री राकेश कुमार गुप्ता जी विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा एडवो. केट वीरांगना प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष भारती गौतम जी लज्जा तोमर जी जिला उपाध्यक्ष वंदना सक्सेना जिला महामंत्री नीतू सिंह जिला सचिव वंदना देवी जिला महासचिव विरांगना प्रकोष्ठ जिला उपाधक्ष लजजा तोमर सुनीता कश्यप राष्ट्रीय हिंदू संगठन सदस्य सुमन बाजपेई राष्ट्रीय हिंदू संगठन सदस्य वह बहुत सी वीरांगना राष्ट्रीय हिंदू संगठन की सदस्य उपस्थित रहे और राष्ट्रीय हिंदू संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे महामहिम राष्ट्रपति महोदय द्वारा जिलाअलीगढ़ डीएम ज्ञापन दिया गया

## राजमाता अहिल्याबाई नाटक का भव्य मंचन 22 अप्रैल को

भारतेंदु नाटक अकादमी, लखनऊ एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से संस्कार भारती, अलीगढ़ ब्रज प्रांत द्वारा अलीगढ़ के धर्म समाज महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में श्री रमेश चंद्र अग्रवाल श्भगत जीश सभागार में नाटक राजमाता अहिल्याबाई का मंचन धर्म समाज महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं किया जाएगा। नाटक को देखने के लिए अलीगढ़ के 12 विद्यालयों के छात्र छात्रों को दर्शक के रुप में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे श्री प्रशांत सिंघल महापौर और दीपप्रज्ज्वलन कर्ता श्री संजीव रंजन जिलाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि श्री गोविंद जी विभाग प्रचारक , अलीगढ़, श्री राजीव अग्रवाल अनु सचिव धर्म समाज महाविद्यालय , सी,ए, संजय गोयल, अध्यक्ष ब्रज प्रांत रहेंगे। इस अवसर पर भारतेंदु नाटक अक. ादमी लखनऊ के निदेशक विपिन कुमार और अध्यक्ष डॉ रति शंकर त्रिपाठी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। नाटक का निर्देशन एवं परिकल्पना आलोक शर्मा ने किया है। नाट्य तकनीक निर्देशक डॉ प्रभात कुमार दासगुप्ता हैं, वेशभूषा एवं मंच व्यवस्था श्रेष्ठ वार्ष्णेय करेंगे। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ सुनीता गुप्ता रहेंगी।प्रेस वार्ता के समय संस्कार भारती ब्रज प्रांत के अध्यक्ष सी ए संजय गोयल , भारतेन्दु नाट्य अकादमी से आलोक शर्मा , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , महानगर अध्यक्ष अनिल राज गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ सुनीता गुप्ता , कार्यकारी अध्यक्ष डॉ इंद्रा अग्रवाल, महामन्त्री रुचि गोटेवाल, सुनयना गुप्ता, प्रेसवार्ता के समय उपस्थित रहे।

हाथरस के सादाबाद कोतवाली क्षेत्र में 7 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) चित्रा शर्मा की अदालत में आज दो गवाहों की गवाही हुई। घटना 16 मार्च की है। आरोपी अमन खान ने बच्ची को बहला–फुसलाकर दुष्कर्म किया।पीड़िता की हालत गंभीर होने पर उसे अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया। लोगों ने एक धार्मिक स्थल पर पथराव किया। दो अलग–अलग समुदायों से जुड़े होने के कारण पुलिस ने इस मामले को अति संवेदनशील माना।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 9 दिन में आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। आरोपी पर चार्ज फ्रेम हो चुका है। पीड़ित बच्ची और उसके पिता की गवाही पहले ही हो चुकी है। मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी।

# एटा में बिना अनुमति खुदाई से नाराज ग्रामीण, अधिकारी बोले– 3 दिन में मिलेगा मुआवजा



एटा के अवागढ़ विकास खंड के नगला बंधा और सहनौआ में किसानों के खेतों से बिना अनुमति पाइपलाइन बिछाई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार उनकी मर्जी के बिना खेतों में खुदाई कर रहे हैं।खेतों से निकली मिट्टी को भी ले जाया जा रहा है। किसानों के विरोध के बावजूद काम जारी है। नगला मोती निवासी बेदराम सिंह ने बताया कि उन्हें बिना सूचना दिए खेत में पाइपलाइन डाली जा रही है। ठेकेदार मौके पर आने का आश्वासन देते हैं, लेकिन आते नहीं हैं। बुजुर्ग ग्रामीण महाराज सिंह के अनुसार, ठेकेदार ने मुआवजे का वादा किया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सहनौआ के ग्रामीण गौतम ने बताया कि खेतों में खुदाई से भारी नुकसान हो रहा है।कार्यदाई संस्था के अधिकारी मुकेश अग्रवाल का कहना है कि अधिकांश ग्रामीणों से अनुमति लेकर काम किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिन किसानों के खेतों से पाइपलाइन गुजर रही है, उन्हें तीन दिन के अंदर मानक के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

## देवर ने भाभी के ATM से निकाले 1.5 लाख रुपए

### "एटा में पीएम आवास की रकम हड़पी,विरोध करने पर मारपीटकर घर से निकाला"



एटा के मारहरा थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ उसके देवर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़िता रूपा ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता ने बताया कि उसने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन किया था। इसके तहत उसके खाते में डेढ़ लाख रुपए आए थे। उसका देवर अमर उसे बहला–फुसलाकर एटीएम ले गया और खाते से सारी रकम निकाल ली।जब पीड़िता को बैंक में खाता चेक करने पर पैसों के गायब होने का पता चला, तो उसने देवर से रकम वापस मांगी। इस पर देवर और ससुर ने न केवल गालियां दीं, बल्कि मारपीट कर उसका हाथ भी तोड़ दिया। पिछले रविवार को फिर से मारपीट की गई। पीड़िता को बेहोश होने तक पीटा गया और घसीटकर घर से बाहर फेंक दिया। उसके बच्चों को भी घर से निकाल दिया गया।मारहरा थाना प्रभारी केके लोधी ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है। वे गहनता से जांच कर कानूनी कार्रवाई करेंगे। एसएसपी ने भी पीड़िता को मदद का भरोसा दिलाया है।

## उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को कासगंज का दौरा किया



उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को कासगंज का दौरा किया। उन्होंने नदरई गेट स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जिला अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी मेधा रुपम और पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री ने जिले में चल रहे विकास कार्यों और परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को सरकार की मंशा के अनुरूप काम करने के निर्देश दिए।स्वतंत्र देव सिंह ने पीड़ितों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के बाद वे कासगंज शहर के एक निजी गार्डन में गए। वहां उन्होंने भाजपा के सदर विधायक देवेंद्र रा. जपूत की पुत्री की शादी समारोह में शिरकत की और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया।

## कासगंज। पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की हत्या और उन पर हो रहे हमलों की घटनाओं को लेकर हिंदूवादी संगठनों में गहरा आक्रोश



कासगंज। पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की हत्या और उन पर हो रहे हमलों की घटनाओं को लेकर हिंदूवादी संगठनों में गहरा आक्रोश है। घटना के विरोध में आज हिंदूवादी संगठनों ने कासगंज में जुलूस निकाला और कलेक्ट्रेट पर धरना देकर तहसीलदार सदर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई।ि. हंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता सुबह बारहद्वारी पर एकत्रित हुए, जहां से उन्होंने नगर पालिका तक पैदल जुलूस निकाला। इसके पश्चात, नगर पालिका से कलेक्ट्रेट तक वाहन रैली निकाली गई। कलेक्ट्रेट पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने धरना दिया और बंगाल में हुई घटनाओं के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के जिलाध्यक्ष प्रमोद साहू ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनर्जी की सरकार ने राष्ट्रविरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को खुली छूट दे रखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में बंगाल को हिंसा की आग में झोंकने का षड्यंत्र रचा जा रहा है, जिसमें तीन हिंदुओं की हत्या कर दी गई और कई हिंदुओं के घर व दुकानें जला दी गईं।विहिप के जिला मंत्री नवीन सक्सेना ने बंगाल की स्थिति को लगातार खराब बताते हुए कहा कि वक्फ कानून सरकार ने लागू किया है, जिसका हिंदुओं से कोई संबंध नहीं है। इसके बावजूद बंगाल में हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं और वे अपने त्योहार तक शांतिपूर्वक नहीं मना पाते, जिसके लिए उन्हें न्यायालय के आदेश पर अनुमति लेनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि बंगाल में हिंदुओं का अस्तित्व खतरे में है और कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।प्रदर्शनक. ारियों ने मांग की कि बंगाल में हुई हिंसा की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कराई जाए। इसके साथ ही, उन्होंने रोहिंग्या मुसलमानों की पहचान कर उन्हें देश से निष्कासित करने और बंगाल व बा. ंग्लादेश की सीमा पर तारबंदी करने की भी मांग की। उन्होंने ममता बनर्जी की सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की पुरजोर मांग की।इस दौरान प्रांत धर्मप्रसार सह प्रमुख जगदीश विरथरे, विभाग मंत्री विनय राज पन्नू, बजरंग दल जिला संयोजक दीपक गुप्ता, नगर संयोजक सतेंद्र सिंह, संजय गौड, प्रदीप कावरा, जय प्रकाश गुप्ता, शशांक सारडा सहित कई अन्य हिंदूवादी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एटा में ट्रैक्टर–ट्राली से गिरा खंभा, एक मौत बिजली के खंभे उतारते समय हादसा, पुलिस कर रही मामले की जांच

एटा जिले के निधौली कलां में हादसा सामने आया है। मंगरौली गांव में विद्युतीकरण कार्य के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। सुजातगंज थाना ढोलना निवासी 40 वर्षीय अनिल कुमार ट्रैक्टर–ट्राली से बिजली का खंभा उतार रहा था। इसी दौरान खंभा उस पर गिर गया। घायल अवस्था में साथी मजदूर उसे एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज ले गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही निधौली कलां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। मृतक केबहनोई हजारी सिंह ने बताया कि अनिल पिछले 5 साल से उनके साथ मजदूरी का काम कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। मामले की जानकारी के लिए थाना प्रभारी निधौली कलां से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## पावर प्लांट में कार्यरत युवक ने की आत्महत्या



एटा जिले के मलावन में जवाहर तापीय परियोजना के पास पावर प्लांट में कार्यरत एक मजदूर ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रामप्रताप सिंह (35) के रूप में हुई है। वह मध्य प्रदेश के मझौली थाना क्षेत्र के बर्मानी गांव का रहने वाला था। वह लॉयड कंपनी के माध्यम से पावर प्लांट में काम करता था।सुबह जब ग्रामीण नगला भोपाल जाने वाले चक मार्ग से गुजर रहे थे, तब उन्होंने पेड़ पर शव लटका देखा। उन्होंने तुरंत मलावन थाना पुलिस को सूचना दी। डायल 112 पर विजय बहादुर सिंह ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।मलावन थाना प्रभारी रोहित राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। शव को पेड़ से उतारकर पंचनामा कार्रवाई की गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## कासगंज गर्मी ने बिगाड़नी शुरू की लोगों की सेहत...डायरियां और पेट दर्द के बढ़े मरीज



कासगंज :संवावदाता इंद्रपाल राजपूत

गर्मी बढ़ने से मौसम के मिजाज में हो रहे बदलाव के साथ ही रोगियों की संख्या सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों में भी बढ़ने लगी है। दिन में तेज धूप के चलते लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे है। अस्पतालों में सुबह से ही मरीजो की भीड़ लग जाती है। चिकित्सक मरीजों को दवाओ के साथ ही उन्हें गर्मी से बचने के लिए उपाए भी बता रहे हैं।

सोमवार को जिला अस्पताल पर सुबह से ही मरीजों की कतार लग गई। वहीं प्रा. इवेट अस्पताल भी मरीजों से खचाखच भरे हुए हैं। ओपीडी बंद होने तक 1687 मरीज अस्पताल पहुंचे। प्रचंड गर्मी ने लोगों की सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है। ज्यादातर मरीज डायरिया, पेट दर्द, बुखार के बुखार के लक्षण के मरीज पहुंचे।जिससे जिला अस्पताल की ओपीडी से लेकर चिि. कत्सक कक्ष तक लंबी–लंबी कतारें लगी रही। वहीं चिकित्सक मरीजों को मौसम के हिसाब से ऐहतियात बरतने की सलाह दे रहे है। सुबह 10 बजे से धीरे–धीरे मरीजों की संख्या बढ़नी शुरू हो गई।2 बजे तक अस्पताल में मरीजों की भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही पर्चा बनवाने वालों की अच्छी खासी लाइन लग गई। इसी तरह ओपीडी, जांच लैब और दवा वितरण काउंटर पर भी मरीजों और उनके साथ आये तीमारदारों की लाइन लगी रही। गर्मी की वजह से बदलते मौसम का मिजाज और दिन में तेज धूप और रात में मच्छरों की वजह से लोग विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहे है। जिन्हें दवाओं के साथ–साथ बीमारियों से बचाव से संबंधित जानकारी भी दी जा रही है। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. आमिर खांन ने बताया कि मौसम में बार–बार बदलाव हो रहा है। एक नजर में बुखार के मरीजों की संख्या –242सांस के मरीजों की संख्या –252डायरियां के मरीजों की संख्या–51पेट दर्द के मरीजों की संख्या–225खांसी जुकाम के मरीजों की संख्या–175तेज धूप में जानें से बचें डायरिया होने पर ओआरएस घोल का सेवन करें, फुल आस्. तीन के कपड़े पहने, बाहर से आकर तुरंत ठंडा पानी न पीएं, घर से निकलते समय छाता या सिंर पर कपड़ा अवश्य रखें। इस समय बुखार भी फैल रहा है। मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है। खान–पान एवं साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें। सेहत की देखभाल करना स्वंय की जिम्मेदारी है। जिला अस्पताल सीएमएस डॉ. संजीव सक्सेना ने बताया कि गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बेहद जरूरी हैं। बुखार, डायरिया, पेट दर्द की शिकायत होने पर लापरवाही न बरतें, तुरंत चिि. कत्सक को दिखाकर सलाह लें। जिलाअस्पताल में समस्त प्रकार की दवाएं मौजूद है।

## एटा के निजी क्लीनिक में लगी आगशॉर्ट सर्किट से धुआं भरा, मरीज भागे बाहर स्थानीय लोगों ने पाया काबू

एटा में डॉक्टर हरिओम गुप्ता के निजी क्लीनिक में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। क्लीनिक में धुएं का गुबार फैलने से मरीजों में अफरा–तफरी मच गई। धुएं से मरीजों का दम घुटने लगा। सभी मरीज तुरंत क्लीनिक से बाहर निकल गए। आग की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। थाना कोतवाली नगर के प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें आग लगने की कोई सूचना थाना स्तर पर नहीं मिली है।

